Frequently Asked Questions (FAQs) for Campaign Managers

1. **MMKSY एवं MMKY से क्या तात्पर्य है?**
   - MMKSY – मुख्यमंत्री कौशल संवर्धन योजना
   - MMKY- मुख्यमंत्री कौशल्या योजना

2. **MMKSY एवं MMKY अंतर्गत पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षणार्थी किस प्रकार से नामांकन कर सकते हैं?**
   - ✓ प्रशिक्षणार्थी www.mpskills.gov.in अथवा ssdm.mp.gov.in पर स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं |
   - ✓ प्रशिक्षणार्थी करीब के एमपीऑनलाइन कीओस्क पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं |
   - ✓ वे TSPs (प्रशिक्षण सेवा प्रदाता) के द्वारा नामांकन कर सकते हैं |

3. **MMKSY एवं MMKY की आधिकारिक वेबसाइट क्या है?**
   - ✓ www.mpskills.gov.in
   - ✓ ssdm.mp.gov.in

4. **योजना की विशेषताएं क्या हैं ?**
   - ✓ छात्रों द्वारा स्वयं पंजीयन कराने पर शुल्क नहीं लिया जायेगा |
   - ✓ 100 में से 70% प्रमाणित प्रशिक्षणार्थीयों का नियोजन |

5. **पाठ्यक्रम में पंजीयन हेतु न्यूनतम आयु सीमा क्या है ?**

   15 वर्ष

6. **इस योजना के तहत सभी कौन प्रशिक्षण के लिए नामांकित कर सकते हैं?**
   - ✓ युवा जो औपचारिक शिक्षा प्रणाली से बाहर निकल गए हैं |
   - ✓ युवा जो अच्छे वेतन/ स्वरोजगार हेतु स्वयं का कौशल में वृद्धि करना चाहते हैं |
   - ✓ युवा जो स्वयं का कौशल में वृद्धि करना चाहते
   - ✓ गैर-औपचारिक कौशल का प्रमाणीकरण प्राप्त करने के इच्छुक कामगार|
   - ✓ महिलाएं, विधवाएं, घरेलु हिंसा कीशिकार एवं अन्य कमजोर वर्ग |
   - ✓ वामपंथी उग्रवादग्रस्त (नक्सली) क्षेत्रों के युवाओं हेतु आवासीय प्रशिक्षण
   - ✓ घुमक्कड़एवं अर्ध घुमक्कड़की विशेष श्रेणी से संबंधित युवा |

7. **पाठ्यक्रम में नामांकन हेतुपंजीयन शुल्क कितना है?**

   यदि उम्मीदवार www.mpskills.gov.in अथवा ssdm.mp.gov.in पोर्टल/वेबसाइट पर स्वयं रजिस्ट्रेशन करता है तो उसे कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा|

8. **NSQF पाठ्यक्रम की क्या महत्ता है?**

   National Skill Qualification Framework (NSQF) प्रशिक्षण सामग्री के मानकीकरण में सहायता प्रदान करता है |

9. **QP एवं NOS में क्या अंतर है? उदाहरण सहित**

   राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (NOS) किसी जॉब रोल से संबंधित परफॉरमेंस क्राइटेरिया, ज्ञान और कौशल के सर्वोत्तम अभ्यासों का वर्णन करता है| एक विशिष्ट जॉब रोल से संबंधित एनओएस के सेट को क्वालिफिकेशन पैक (QP) कहा जाता है

10. **क्या योजना (MMKSY/MMKY) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों को किसी प्रकार का Stipend/ भत्ता दिया जायेगा ?**

    नहीं

11. **आपके जिले में सबसे करीबी आधार पंजीयन केंद्र कौनसा है ?**

    जिले से सभी आधार पंजीयन केंद्र प्रपत्र/ लिंक में संलग्न हैं |

12. **आपके जिले में सबसे करीबी MP Online Kiosk केंद्र कौनसा है ?**

    कृपया नीचे दिए गए लिंक को अपने वेब ब्राउज़र पर कॉपी करे या लिंक पर क्लिक करें |
    नीचे दी गयी लिंक पर MP Online Kiosk केंद्र की सूची प्रदर्शित की गयी है
    https://www.mponline.gov.in/Portal/UserInterface/KIOSK/AuthKIOSKList.aspx

13. **पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन करने हेतु किन आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता है ?**

    आधार कार्ड / आधार नंबर

14. **आधार कार्ड नंबर द्वारा उम्मीदवारों के पंजीयन की क्या प्रक्रिया है ?**

    पंजीयन प्रक्रिया पूरी करने हेतु उम्मीदवार के मोबाइल पर एक One Time Password (OTP) भेजा जायेगा | अतः पंजीयन हेतु उम्मीदवार के मोबाइल नंबर का आधार नंबर/ बायोमेट्रिक से जुड़ा होना अनिवार्य है |

15. आधार में उम्मीदवार का मोबाइल नंबर कैसे बदला जायेगा ?

मोबाइल नंबर को आधार पर अपडेट करने के लिए उम्मीदवार को करीबी आधार पंजीयन केंद्र पर जाकर अपने आधार नंबर की जानकारी के साथ उपस्थित होकर मोबाइल नंबर बदलवाना होगा |

16. क्या एक प्रशिक्षणार्थी कई पाठ्यक्रम के लिए पंजीयन कर सकता है ?

हाँ, वह अपनी रुची अनुसार 3 पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन कर सकता है |

17. क्या ऐसे उम्मीदवार जो मध्य प्रदेश के मूल निवासी नहीं हैं भी इस योजना में भाग ले सकते हैं ?

नहीं

18. एक उम्मीदवार के पास राजस्थान का मूल निवासी प्रमाण पत्र है किन्तु वह पिछले 10 वर्षों से मध्य प्रदेश में निवास कर रहा है | क्या वह योजनान्तर्गत प्रशिक्षण लेने हेतु योग्य है ?

आधार पर दिया गया पता ही स्वीकार किया जायेगा |

19. एक दिव्यांग उम्मीदवार इस योजनान्तर्गत पंजीयन करना चाहता है किन्तु उचित निःशक्तता प्रमाण पत्र प्रदर्शित करने में असमर्थ है, क्या वह फिर भी पाठ्यक्रम में शामिल होसकता है ?

हाँ

20. वे विभिन्न पाठ्यक्रम क्या हैं जिस में उम्मीदवार पंजीयन कर सकता है ?

MMKSY एवं MMKY योजना के लिए कुल 19 सेक्टर चुने गए हैं, सेक्टर वार सूची संलग्न है |

21. परीक्षा/ मूल्यांकन किस प्रकार संचालित किये जायेंगे ?

परीक्षा का आयोजन सम्बंधित एसएससी (SSC) द्वारा निर्धारित मूल्यांकन एजेंसी (Assessment Agency) द्वारा प्रशिक्षणनार्थी के प्रशिक्षण केंद्र पर ही किया जायेगा |

22. नियोजन/ प्लेसमेंट उपरांत क्या किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी ?

नहीं

23. मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण की पात्रता हेतु न्यूनतम उपस्तिथि मापदंड क्या है ?

मूल्यांकन परीक्षा में बैठने हेतु प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कम से कम 70% उपस्तिथि होना अनिवार्य है |

24. योजनान्तर्गत किसी सेक्टर के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम बैच साइज़ क्या है ?

न्यूनतम बैच साइज़ 20 एवं अधिकतम बैच साइज़ 30 है|

25. क्या होगा अगर किसी उम्मीदवार को निजी कारणों के बीच में प्रशिक्षण के बाहर छोड़ना पड़ता है, तो क्या उसे एक संक्षिप्त अंतराल के बाद प्रशिक्षण जारी रखने का अवसर मिलेगा? यदि हां कब तक?

उम्मीदवार प्रशिक्षण जारी रख सकता है, लेकिन यदि उसकी उपस्थिति परीक्षा के समय 70% से कम है तो वह मूल्यांकन के लिए उपस्थित नहीं हो पाएगा|

26. **प्लेसमेंट मानदंडों को पूरा करने के लिए, उम्मीदवार को न्यूनतम कितने महीने काम करना चाहिए?**एक उम्मीदवार को प्लेसमेंट उपरांत निरंतर महीने के लिए काम करने की आवश्यकता है 3 |

27. प्रशिक्षण के बाद, क्या कोई उम्मीदवार स्व-रोजगार चुन सकता है?

हाँ

28. किस जिले में उम्मीदवार इस योजना में प्रशिक्षण ले सकते हैं?

मध्यप्रदेश के सभी जिलों में MMKSY/MMKY योजनाओं के प्रशिक्षण केंद्र होंगे। हालांकि एक उम्मीदवार अपनी भौगोलिक प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण के समय अधिकतम तीन जिलों तक चुन सकता है

29. कैंपेन मेनेजर की प्रमुख भूमिकाएं बताएं?

- ✓ छात्र एकत्र करना
- ✓ हाट, पंचायत जैसे लोकप्रिय स्थानों का दौरा
- ✓ विभिन्न विभागों के क्षेत्र स्तर के अधिकारियों के साथ समन्वय

30. योजनाओ से सम्बंधित किसी भी प्रश्न के निराकरण हेतु कैंपेन मेनेजर के लिए नोडल संपर्क व्यक्ति कौन होगा?

नोडल आईटीआई प्राचार्य एवं एसएलएम (स्टेट लेवल मॉनीटर्स)

31. आईटीआई हेल्पडेस्क के संबंध में कैंपेन मेनेजरकी भूमिका क्या है?

कैंपेन मेनेजर उम्मीदवार के परामर्श और उम्मीदवारों के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आईटीआई हेल्पडेस्क के साथ समन्वय करेगा|

32. MMKSY / MMKY के तहत अनिवार्य न्यूनतम वेतन क्या हैं?

वेतन रोजगार: वेतन राज्य के अर्द्ध कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी के बराबर होना चाहिए

33. उम्मीदवार किस प्रकार से यह पुष्टि कर सकते हैं कि वे योजना में सफलतः पंजीकृत हो गए है ?

पंजीकरण के सफल होने पर एक SMS, उम्मीदवार के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगा, साथ ही एक सिस्टम जनरेटेड ईमेल उम्मीदवार की पंजीकृत ईमेल आई डी पर प्राप्त होगा |पावती रसीद सफल पंजीकरण उपरांत डाउनलोड की जा सकती है |